सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 भाद्र 27, गुरुवार, शाके 1947–सितम्बर 18, 2025 अंक 25
Vol. 77 Bhadra 27 , Thursday, Saka 1947–September 18, 2025 No. 25

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

नाम/उपनाम परिवर्तन बाबत् शपथ–पत्र

इस विलेख में अधोहस्ताक्षरकर्ती में मीरा खत्री MEERA KHATRI (सही व वास्तविक नाम) पत्नी श्री चेतन खत्री, आयु 40 वर्ष, निवासी म.नं. 1303/26, सिन्धी कॉलोनी, भगवानगंज अजमेर (राजस्थान) सशपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं कि :–

1. यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री MEERA KHATRI है जो मेरे आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, बैंक बचत खाते में व अन्य दस्तावेजों मे मेरा सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री अंकित/दर्ज है जो कि सही है। जबकि मेरे बडे नाबालिग पुत्र पूरहन खत्री के मेरी छोटी नाबालिग पुत्री हर्षिता खत्री के के समस्त स्कूल शैक्षणिक दस्तावेजों, अंकतालिकाओं व रिकॉर्डो में और मेरे नाबालिग पुत्र पूरहन खत्री के जन्म प्रमाण–पत्र नगर निगम अजमेर द्वारा दिनांक 18.07.2013 को जारी किया गया है जिसकी रजिस्ट्रीकरण संख्या 111006280 हैं एवं मेरे छोटी नाबालिग पुत्री हर्षिता खत्री का भी जन्म प्रमाण–पत्र नगर निगम अजमेर द्वारा दिनांक 20.01.2016 को जारी किया गया है जिसकी रजिस्ट्रीकरण संख्या 112016096 है। उपरोक्त मेरे पुत्र एवं पुत्री के दोनों के ही जारी जन्म प्रमाण–पत्रों में व उनके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, अंकतालिकाओ व रिकॉर्डो में मेरा/माता के नाम के स्थान पर सहवन से भूलवश अज्ञानता से मेरा घरेलु नाम मानसी खत्री दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
2. यह कि मैं मेरे नाबालिग पुत्र एवं पुत्री के नगर निगम अजमेर द्वारा जारी दोनों के जन्म प्रमाण–पत्रों में और मेरे पुत्र एवं पुत्री के स्कूल के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, अंकतालिकाओं व रिकॉर्डो में दर्ज मेरा घरेलु नाम मानसी खत्री के स्थान पर मैं अपना सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री MEERA KHATRI दर्ज करवाना चाहती हूं जिससे भविष्य में मेरे नाम को लेकर कोई भी विवाद उत्पन्न नहीं हो सके।
3. यह कि भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु मेरे घरेलु नाम मानसी खत्री के स्थान पर मेरे सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री MEERA KHATRI के नाम से ही मुझे जाना पहचाना व पढ़ा एवं लिखा जावे व मेरे पुत्र एवं पुत्री के जारी दोनो के जन्म प्रमाण पत्रों एवं उनके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, अंकतालिकाओं व रिकॉर्डो मे मेरा सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री MEERA KHATRI दर्ज किया जावे।
4. यह कि उक्त शपथ–पत्र में मेरे बडे नाबालिग पुत्र पूरहन खत्री व मेरी छोटी नाबालिग पुत्री हर्षिता खत्री के जारी जन्म प्रमाण–पत्रों व उनके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों अंकतालिकाओं व रिकॉर्डो में दर्ज मेरा घरेलु नाम मानसी खत्री के स्थान पर मेरा सही व वास्तविक नाम मीरा खत्री MEERA KHATRI दर्ज करवाने एवं गजट नोटिफिकेशन मे प्रकाशित करवाने के संदर्भ मे प्रस्तुत कर रही हूं।

अजमेर, दिनांक : 11.06.2025

मीरा खत्री
शपथकर्ती

सत्यापन

मैं, मीरा खत्री उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ–पत्र की चरण संख्या 1 से 4 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी में सही व सत्य है। इसमे कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है और ना ही मिथ्या है।

अजेमर, दिनांक : 11.06.2025

मीरा खत्री
शपथकर्ती

ATTESTED
INDER SINGH TANWAR
06-06-2025
NOTARY PUBLIC, AJMER.
13693

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।